## टीकाकरण सत्र में लापरवाही पर दो एएनएम के विरूद्ध वेतन काटने की कार्यवाही



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा स्वास्थ्य संस्थाओं के सतत् निरीक्षण तथा टीकाकरण सत्र के नियमित संचालन को लेकर दिये गये निर्देशो के क्रम में जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.जे.एस.राजपूत, डीपीएम डॉ. हेमन्त रावत एवं मीडिया अधिकारी श्री आर.बी.शाक्य द्वारा सुबह उपस्वास्थ्य केन्द्र बासेड एवं सेसईपुरा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान बासेड कैम्प पर एएनएम श्रीमती नर्मदा परिहार बिना अवकाश लिए अनुपस्थित पाई गई। केन्द्र पर उपस्थित आशा कार्यकर्ता श्रीमती संतरा यादव से टीकाकरण संबंधी जानकारी ली गई, जिसका संतोषजनक उत्तर नही दिया गया। इसी क्रम में उपस्वास्थ्य केन्द्र सेसईपुरा का निरीक्षण करने पर एएनएम श्रीमती गीता रिठोरिया भी अनुपस्थित पाई गई। टीकाकरण सत्र में लापरवाही तथा अनुपस्थित पाये जाने पर दोनो एएनएम के विरूद्ध7-7 दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही की गई है।

## वंदेमातरम के साथ कार्यालयो में हुई कामकाज की शुरूआत

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में माह अप्रैल 2025 के प्रथम कार्य दिवस पर कार्यालय प्रारंभ होने के तत्काल पूर्व संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन स्थित कार्यालयों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदेमातरम का गायन कलेक्ट्रेट परिसर श्योपुर में किया। इस अवसर पर एसडीएम श्री मनोज गढवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन एएवं श्री वायएस तोमर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने राष्ट्रीयगीत वंदे मातरम का गायन किया। इसके उपरांत शासकीय कार्यालयों में काम-काज की शुरूआत हुई।

## नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू, विद्यालयो में प्रवेश उत्सव आयोजित

### ओछापुर विद्यालय पहुंचे कलेक्टर



**श्योपुर ब्यूरो।** जिले के सभी विद्यालयो में आज 01 अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरूआत हुई, इस अवसर पर विद्यालयो में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम मनाये गये तथा बच्चों को स्कूल आगमन पर तिलक लगाकर प्रोत्साहित किया गया। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालयो में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया एवं बच्चों को पाठ्य पुस्तको को वितरण भी किया गया। नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम ओछापुरा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पहुंचकर प्रवेश उत्सव के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा उपस्थित प्राचार्य एवं अन्य स्टॉफ को निर्देश दिये कि क्लास संख्या अनुरूप बच्चों के एडमिशन किये जाये, इसके साथ ही उक्त संकुल अंतर्गत प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में शत प्रतिशत नामाकंन करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायें।

**सीएम राईज विद्यालय में मना प्रवेश उत्सव**

आयुक्त लोक शिक्षण मप्र भोपाल के आदेश अनुसार एवं कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशन में सीएम राईज विद्यालय श्योपुर में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान बीईओ श्रीमती मधु शर्मा, प्राचार्य श्री अशोक खण्डेलवाल आदि मौजूद रहें। प्रवेश उत्सव के अवसर पर बच्चों का विद्यालय पहुंचने पर तिलक लगाकर एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया तथा निशुल्क रूप से पुस्तके प्रदान की गई।

## ढोढर में जनसमस्या निवारण शिविर आज 02 अप्रैल को, कलेक्टर शिविर में करेंगे समस्याओं का निराकरण

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज 2 अप्रैल को ग्राम ढोढर में आमजन की समस्याएं सुनते हुए उनका निराकरण किया जायेगा। जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम ढोढर में 2 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने सभी विभागीय अधिकारियों को उक्त शिविर में उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस अवसर पर लोगों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किये जायेंगे तथा विभागीय अधिकारियों के माध्यम से उनका निराकरण किया जायेगा।

## दो हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति पत्र सौपे

### नहर में डूबने के मामले में कलेक्टर ने तत्काल स्वीकृत कराई सहायता, बुजुर्ग महिला को लगाया श्रवण यंत्र, नारायणी को मिलेगा संबल का लाभ, दो बच्चों को मिलेगा स्पोन्सरशिप योजना में लाभ, वीरपुर में जनसुनवाई आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा दूर दराज के लोगों की समस्याओं के निराकरण एवं शासकीय योजनाओं में लाभ दिये जाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर आयोजित की जा रही जनसुनवाई के तहत आज वीरपुर तहसील मुख्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन करते हुए समस्याओं का निराकरण किया गया तथा मौके पर त्वरित निदान के साथ ही विभिन्न योजनाओं में लाभ देने की कार्यवाही की गई। जनसुनवाई के दौरान लगभग 137 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा वीरपुर के कम्युनिटी हॉल में आयोजित जनसुनवाई के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत हितग्राही श्रीमती सुनीता जादौन निवासी पांचों कॉलोनी तथा श्रीमती मिथलेश जाटव निवासी पांचों को तत्काल आवास स्वीकृत करने की कार्यवाही कराते हुए प्रथम किस्त के लिए भुगतान आदेश जारी कराये गये।

हितग्राहियों को पीएम आवास स्वीकृति पत्र भी सौपे गये। जनसुनवाई के दौरान श्रीमती लीला आदिवासी निवासी रघुनाथपुर, श्रीमती शारदा आदिवासी एवं श्रीमती लक्ष्मी आदिवासी निवासी तेलीपुरा, जाखेर को आहार अनुदान योजना अंतर्गत लाभ दिये जाने, श्री जगदीश रावत निवासी तेलीपुरा एवं श्री रामस्वरूप गुर्जर निवासी बंधपुरा जाखेर को वृद्धावस्था पेंशन योजना से जोडे जाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा, एसडीओपी श्री राघवेन्द्र सिंह तोमर, तहसीलदार श्रीमती अमिता तोमर, विजयपुर श्रीमती प्रेमलता पाल, सीईओ जनपद श्री आफिसर सिंह गुर्जर, ग्राम पंचायत वीरपुर के सरपंच श्री जगदीश बंसल सहित अन्य विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। नहर में डूबने के मामले में कलेक्टर ने तत्काल स्वीकृत कराई सहायता कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा गत दिनों ग्राम घूघस के पास नहर में डूबने से बालिका स्व. दिव्या जाटव की मृत्यु के मामले में तत्काल ही आरबीसी 6-4 के तहत सहायता राशि स्वीकृत कराई गई। बालिका के पिता श्री राकेश जाटव के आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदार के माध्यम से मौके पर ही प्रकरण स्वीकृत कराया गया तथा निर्देश दिये कि आज शाम तक श्री राकेश जाटव द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक खाते में 4 लाख रूपये की राशि ट्रांसफर करा दी जायें। इस संबंध में एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा ने बताया कि प्रकरण स्वीकृत कर दिया गया है तथा आज शाम तक राशि ट्रांसफर करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जायेगी।

**बुजुर्ग महिला को लगाया श्रवण यंत्र, महिला बोली अब सब सुनाई दे रहा है**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्राम बंधपुरा जाखेर निवासी बुजुर्ग महिला श्रीमती बाबूली बाई पत्नि श्री रामस्वरूप गुर्जर को कम सुनाई देने की समस्या पर तत्काल ही सामाजिक न्याय विभाग के माध्यम से श्रवण यंत्र लगाया गया। त्वरित कार्यवाही पर महिला द्वारा शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि जनसुनवाई में ही मेरी ऊचा सुनने की समस्या का हल हो गया है। उसने मशीन लगने के बाद ठीक तरह से सुनाई देने पर अपनी खुशी जाहिर की और कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा को बताया कि अब सब सुनाई दे रहा है।

**नारायणी को मिलेगा संबल का लाभ, इस हफ्ते खाते में आयेगी दो लाख की राशि**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने ग्राम वीरपुर निवासी श्रीमती नारायणी जाटव को मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना के तहत प्रस्तुत आवेदन के परीक्षण उपरांत अवगत कराया कि उक्त प्रकरण में राशि स्वीकृत हो गई है तथा इस सप्ताह बैंक खाते में दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि प्राप्त होगी। महिला ने आवेदन प्रस्तुत किया था कि उसके पति स्व. श्री रघुवीर जाटव को संबल योजना अंतर्गत अनुग्रह राशि प्रदान की जाये।

**दो बच्चों को मिलेगा स्पोन्सरशिप योजना में लाभ**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान अपने दादा श्री रामवैद रावत निवासी लीलदा के साथ आये दो बच्चों को स्पोन्सरशिप योजना में लाभ देने के निर्देश महिला बाल विकास अधिकारी श्री ओपी पाण्डेय को दिये गये। आयुष और अनुष्का के पिता स्व. श्री सतीश रावत की मृत्यु हो जाने से बच्चों के भरण पोषण की जिम्मेदारी बुजुर्ग दादा पर आ गई है। इस संबंध में महिला बाल विकास अधिकारी श्री पाण्डेय ने बताया कि दोनो बच्चों को मिशन वात्सल्य के तहत स्पोन्सरशिप योजना में लाभ प्रदान किया जायेगा, जिसके तहत प्रत्येक बच्चें को 4-4 हजार रूपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

**नामातंरण आदेश सौपा**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा जनसुनवाई के दौरान महिला श्रीमती गीता बासोदिया पत्नि श्री अशोक कुमार निवासी पांचों कॉलोनी को मौके पर ही नामांतरण आदेश प्रदान किया गया। महिला ने बताया कि उसके द्वारा नामांतरण के लिए प्रकरण लगाया गया है, लेकिन अभी तक नामांतरण नही हुआ है। इस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए जनसुनवाई के दौरान ही नामांतरण आदेश की प्रति प्रदान की गई।

**बदोली फाटक का स्थान यथावत रखने की मांग**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा को जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों द्वारा मांग की गई कि रघुनाथपुर के बदोली रेलवे फाटक को पूर्ववत यथा स्थान पर ही बनाया जायें। भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री आकाश जादौन के नेतृत्व में मिले ग्रामीणों ने उक्ताश्य की मांग की, इसके साथ ही बदोली रोड की आबादी बस्ती में ट्रांसफार्मर स्थापित करने की मांग भी की गई। इस पर बदोली फाटक के संबंध में रेलवे के अधिकारियों से चर्चा करने के लिए आश्वस्त किया गया, साथ ही ट्रांसफार्मर के संबंध में विधुत मंडल के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

## 'जल ही जीवन है' जल के बिना जीवन की कल्पना भी मुश्किल है

### सुरपुरा में शामावि में जल संरक्षण हेतु शपथ का हुआ आयोजन



**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खण्ड अटेर की नवांकुर संस्था पावन पथ समाज सेवा जन कल्याण समिति भिण्ड के द्वारा मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव के आह्वान पर प्रदेश भर में जल संरक्षण हेतु चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकास खण्ड अटेर के सेक्टर क्रमांक 2 सुरपुरा में शासकीय माध्यमिक विद्यालय में जल संरक्षण हेतु शपथ का आयोजन किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे बताते हुए जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ शिवप्रताप सिंह भदौरिया ने कहा जन अभियान परिषद द्वारा जिले भर में जिला प्रशासन के सहयोग से जल संरक्षण संवर्धन अभियान अंतर्गत परिषद की नवांकुर संस्था, प्रस्फुटन समिति, सीएमसीएलडीपी छात्र एवं परामर्शदाताओं एवं विभिन्न स्वेच्छिक संगठनों द्वारा अभियान बढ़ चढकर सहभागिता की जा रही है साथ ही उन्होंने कहा ÷जल है तो कल है÷, बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आये हैं ÷जल ही जीवन है÷। जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है। जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिये सभी नागरिकों को आगे आना होगा। जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए सभी नागरिकों को एकजुट होकर समन्वित प्रयास करने की आवश्यकता है। तालाबों को सहेजने की आवश्यकता है। सभी को मिलकर प्रयत्न करना होगा कि तालाबों में पानी हमेशा भरा रहे। विकासखण्ड समन्वयक सोहन सिंह भदौरिया ने बताया जल गंगा सवर्धन अभियान का प्रमुख उदेश्य जल संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करना व जल स्त्रोतों के रख रखाव प्रति आम जन को जागरूक करना है।

यह अभियान पर्यावरण, प्रकृति तथा जल के संरक्षण के लिए महती भूमिका निभा रहा है। जल है तो कल है जल ही जीवन है। विद्यालय मे सामुहिक श्रमदान किया गया। शासन द्वारा शुद्ध एवं स्वच्छ जल को घर-घर तक पहुंचाने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है तथा जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु अभियान भी चलाया जा रहा है। पृथ्वी पर उपलब्ध एक बहुमुल्य संसाधन है जल, या यूं कहें कि यही सभी सजीवो के जीने का आधार है जल। नगरीकरण और औद्योगिकीरण की तीव्र गति व बढ़ता प्रदूषण तथा जनसंख्या में लगातार वृद्धि के साथ प्रत्येक व्यक्ति के लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है। जैसे जैसे गर्मी बढ़ रही है देश के कई हिस्सों मंर पानी की समस्या विकराल रूप धारण कर रही है। प्रतिवर्ष यह समस्या पहले के मुकाबले और बढ़ती जाती है, लेकिन हम हमेशा यही सोचते हैं बस जैसे तैसे गर्मी का सीजन निकाल जाये बारिश आते ही पानी की समस्या दूर हो जायेगी और यह सोचकर जल सरंक्षण के प्रति बेरुखी अपनाये रहते हैं। जिससे हमें स्वच्छ जल एवं स्वच्छ वातावरण मिल सके।

जिला समन्वयक डॉ शिवप्रताप सिंह भदौरिया एवं विकास समन्वयक सोहन सिंह भदौरिया ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु शपथ दिलाई तथा जल के उपयोगिता के संबंध में लोगों को जागरुक भी किया। सेक्टर प्रभारी संस्था प्रमुख अतुलकांत शर्मा ने कहा संस्था को आवंटित सेक्टर के समस्त ग्रामों में जिला समन्वयक डॉ शिवप्रताप सिंह भदौरिया एवं विकासखंड समन्वयक सोहन सिंह भदौरिया जी मार्गदर्शन में साथ सभी प्रतिनिधि जल गंगा संवर्धन अभियान में पूर्ण ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक सोहन सिंह भदौरिया, परामर्शदाता रचना भदौरिया, अंकित धाकरे,व सी एम सीएलड़ीपी छात्र, नवांकुर प्रतिनिधि, प्रस्फुटन समिति सदस्य समाजसेवी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता विशुना देवी, विनीता देवी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## कोई भी बच्चा स्कूल जाने से नहीं रहे वंचित- विधायक भिण्ड श्री कुशवाह

### स्कूल चले हम अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम, शा.उमावि. क्र.-02 में हुआ आयोजित



**भिण्ड ब्यूरो।** स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्कूल चले हम अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत आज प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह के मुख्य आतिथ्य में सांदीपनि शासकीय उ.मा.वि. क्रमांक-02 में आयोजित किया गया। इस दौरान नगर पालिका भिण्ड अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि, जिला शिक्षा अधिकारी श्री आर.डी. मित्तल, बीईओ श्री उमेश भदौरिया, सांदीपनि शा.उमावि. क्रमांक-2 प्रिंसिपल श्री पी.एस. चौहान, कॉटन जीन स्कूल प्रिंसिपल श्री नरेश सिंह सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विधायक श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह द्वारा स्कूल चले हम अभियान-2025 अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। विधायक भिण्ड श्री नरेन्द्र सिंह कुशवाह ने 'स्कूल चले हम अभियान' के प्रवेशोत्सव में जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन की अमूल्य निधि होती है। जो मनुष्य का जीवन पर्यन्त तक साथ देती है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा स्कूल चले हम अभियान चलाया जा रहा है। हम सब का प्रयास हो कि स्कूल जाने योग्य सभी बच्चे नियमित रूप से स्कूल जाएं और कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहे। यह केवल बच्चों के माता-पिता अभिभावक ही नहीं समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

## बडौदा में प्याऊ का संचालन शुरू




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा नगरीय निकायों को दिये गये निर्देशो के क्रम में नगर परिषद बडौदा द्वारा ग्रीष्मकाल में आम लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की सुविधा के दृष्टिगत प्याऊ का संचालन शुरू कर दिया गया है। सीएमओ श्री ताराचंद धूलिया ने बताया कि पुलिस थाना बडौदा के सामने परिषद के तत्वाधान में प्याऊ की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस प्याऊ का शुभारंभ नगरपरिषद बडौदा की अध्यक्ष श्रीमती भरोसी बाई सुमन द्वारा गत दिनो किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती भरोसी बाई द्वारा लोगों को शीतल पेयजल पिलाकर इस पुनीत कार्य की शुरूआत की गई। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने गर्मियों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की दृष्टि से सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिये है कि अपने-अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ का संचालन किया जायें, इसी प्रकार गौवंश तथा अन्य मवेशियों के लिए सीमेंट की टंकी का उपयोग करते हुए पशुहोद बनाये जायें तथा उसमें नियमित रूप से पानी भरा जायें।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत तालाबों तथा जल स्त्रोतों की की गई साफ-सफाई




**भिण्ड ब्यूरो।** शासन के आदेशानुसार तथा कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में भिण्ड जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान अंतर्गत आज जिले की नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के संरक्षण और स्वच्छ बनाए रखने के उद्देश्य से तालाबों तथा जल स्त्रोतों की साफ-सफाई की गई। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वयं-सेवी संस्थाओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जल स्त्रोतों की सफाई के लिए श्रमदान किया गया। उल्लेनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल संरचनाओं के निर्माण एवं पुनर्जीवन, नये जल संसाधनों, तालाब, सरोवर का निर्माण, पुरानी जल संरचनाओं की सफाई, मरम्मत और जीर्णोद्धार का कार्य किया जाएगा।

## जिला मुख्यालय पर अपर कलेक्टर ने की जनसुनवाई

### जनसुनवाई में प्राप्त 64 आवेदनों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्ट्रेट में आयोजित शासन की महत्वाकांक्षी योजना जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री एल.के. पाण्डेय ने आवेदकों की समस्याओं, शिकायतों को सुना और उनका निराकरण किया। कुछ प्रकरणों में संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही एवं शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 64 से अधिक आवेदन आए जिन पर संबंधितों को भेजकर कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती शिवांगी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी, शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर ने गंभीर बीमारी से संबंधित इलाज, विद्युत बिलों में सुधार, हैण्डपंपों का संधारण, पेंशन, सड़क दुघर्टना सहायता, हितग्राही मूलक योजनाओं में बैंक ऋष्ण, बीपीएल राशन कार्ड, जमीन पर कब्जा से संबंधित आवेदनों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके संबंध में आवेदक को भी कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश भी दिए।

## वीरपुर की नलजल योजना का जायजा लिया, पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था देखी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने आज वीरपुर में जल जीवन मिशन अंतर्गत स्थापित नलजल योजना का जायजा लिया तथा वीरपुर में पेयजल सप्लाई की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होने लोगों से चर्चा करते हुए पेयजल की उपलब्धता एवं नलो के माध्यम से की जा रही पानी की आपूर्ति की चर्चा की। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने पेयजल टंकी का निरीक्षण किया। इसके साथ ही एक अन्य स्थान भन्ना वाला कुआ से की जा रही सप्लाई की व्यवस्था का अवलोकन भी किया। कार्यपालन यंत्री श्री शुभम अग्रवाल ने बताया कि ढाई लाख लीटर की क्षमता से निर्मित पानी की टंकी से एक हजार नल कनेक्शनों को पानी दिया जा रहा है, इसके साथ ही कुए से भी पानी की सप्लाई की जा रही है।

## कलेक्टर ने किया अस्पताल का निरीक्षण

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा आज वीरपुर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान अस्पताल की ओपीडी, मेडिसीन वार्ड, ड्रग स्टोर आदि का जायजा लिया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर, एसडीएम श्री अभिषेक मिश्रा, बीएमओ डॉ एसएन बिंदल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा अस्पताल के निरीक्षण के दौरान टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी ली गई। डॉ जितेन्द्र रावत ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार को आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्र के लिए समय पर वैक्सीन उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होने जानकारी दी कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रत्येक माह 60 के लगभग डिलेवरी कराई जा रही है। गत एक वर्ष में डिलेवरी का औसत 700 के लगभग है।

## कलेक्टर ने स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों का किया वितरण

**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव ने सी.एम. राइज शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय मेहगांव में आयोजित स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 में सम्मिलित हुए। कलेक्टर श्री श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में नवप्रवेशित सहित सभी छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तकों का वितरण कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

